राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए



वर्ष – 03 | अंक – 324 | जौनपुर | सोमवार, 14 जलाई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है : पीएम मोदी



नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सिपाही बताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति बिना पर्ची, बिना खर्चे की पारदर्शी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि ये युवा शविकसित भारतत्र के संकल्प को साकार करेंगे। रोजगार मेला केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और भर्ती प्रक्रिया को तेज करने पर केंद्रित है। इस पहल की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 से हुई थी, और अब तक 10 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। ये नव–नियुक्त युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय समावेशन और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे। पीएम मोदी ने कहा, विभाग भले ही अलग हों, लेकिन आपका ध्येय एक है दृ राष्ट्र सेवा। आप रेलवे में दायित्व निभाएं, देश की सुरक्षा करें, डाक सेवाओं को गांव–गांव पहुंचाएं या स्वास्थ्य मिशन का हिस्सा बनें, आपका लक्ष्य विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है। पीएम ने कहा कि अगले 20–25 वर्ष भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं और युवाओं को अपने करियर को विकसित भारत के लक्ष्य के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने हाल की अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले दशक में 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया,।

## विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार देगी जनता को तोहफा

पटना, (एजेंसी)। बिहार में आगामी 2025 विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। नीतीश सरकार ने राज्य के हर परिवार को 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना बनाई है। ऊर्जा विभाग की इस योजना को वित्त विभाग से मंजूरी मिल चुकी है, और जल्द ही इसे राज्य कैबिनेट की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। योजना लागू होने पर लाखों उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा, जिससे उनके मासिक बिजली बिल में सैकड़ों रुपये तक की बचत हो सकती है। चूंकि बिहार में 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में इस घोषणा को राजनीतिक नजरिए से भी एक अहम दांव माना जा रहा है। यह फैसला नीतीश सरकार की तरफ से सीधे मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के वोटर्स को साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। विपक्षी दल इस योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार की शपीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनात्र पहले से ही सक्रिय है, जिसके तहत लोगों को घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल से राहत दी जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के लिए 6,639 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

कश्मीर, (एजेंसी)। दक्षिण कश्मीर हिमालय क्षेत्र स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए 6,639 तीर्थयात्रियों का 11वां जत्था शनिवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 1,462 महिलाओं, 41 बच्चों और 181 साधुओं एवं साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो अलग–अलग काफिलों में अनंतनाग के नुनवान– पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि 4,302 तीर्थयात्री 159 वाहनों के काफिले में पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे हैं, जबकि 2,337 तीर्थयात्री 116 वाहनों में बालटाल मार्ग से यात्रा कर रहे हैं।

### धर्मांतरण से पीड़ित महिलाओं की "घर वापसी होनी चाहिए : अपर्णा यादव

लखनऊ, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शुक्रवार को कहा कि धर्मांतरण से पीड़ित महिलाओं की "घर वापसी" होनी चाहिए। एक दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंची अपर्णा यादव ने महिलाओं से जुड़े मामलों की जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से कहा,"धर्मांतरण से पीड़ित महिलाओं की घर वापसी होनी चाहिए। जो महिलाएं जबरन धर्मांतरण से खुश नहीं हैं, उन्हें अपने मूल धर्म में लौटने का पूरा अधिकार है।" उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में हर व्यक्ति की इच्छा और आस्था का सम्मान होना चाहिए। अपर्णा यादव ने कहा कि जबरन धर्मांतरण कराने वालों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाना सही कदम है तथा इससे समाज में स्पष्ट संदेश जाएगा कि जबरन धर्मांतरण जैसी गतिविधियां कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कावड़ यात्रा पर विपक्षी दलों की टिप्पणियों पर भी उन्होंने विरोध जताते हुए ।

### रेल मंत्रालय ने दक्षिण मध्य, पश्चिमी मंडलों के महाप्रबंधकों की नियुक्ति की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को संजय कुमार श्रीवास्तव को दक्षिण मध्य और विवेक कुमार गुप्ता को पश्चिमी जोन का महाप्रबंधक नियुक्त किया। मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि संजय कुमार श्रीवास्तव आईआरएमएस (भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा) को दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी मिली है। वह वर्तमान में कोर (केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन) के महाप्रबंधक हैं। इसी तरह के एक आदेश में विवेक कुमार गुप्ता को पश्चिम रेलवे का महाप्रबंधक नियुक्त करने की घोषणा की गई। वह वर्तमान में 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएस आरसीएल)' के प्रबंध निदेशक हैं।

## हिमाचल में मंडी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लगभग सभी प्रमुख सड़कें खोल दी गई हैं : सुक्खू

शिमला, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बताया कि मानसून संबंधी आपदाओं से प्रभावित मंडी जिले की लगभग सभी प्रमुख सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। सुक्खू ने कहा कि संपर्क सड़कों को तेजी से बहाल करने के प्रयास जारी हैं। सिराज और नाचन विधानसभा क्षेत्रों के प्रभावित क्षेत्रों के तीन दिवसीय दौरे के बाद सुक्खू ने सुंदरनगर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए तेजी से काम किया है। राज्य में 150 से अधिक ट्रांसफार्मर और 800 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं, जिनमें से 143 और 204 क्रमशः मंडी जिले में हैं। मंडी के विभिन्न क्षेत्रों में 30 जून और एक जुलाई की मध्यरात्रि को बादल फटने की 10 घटनाओं, उसके बाद अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो



गई थी और कई लोग लापता हो गए थे। इस आपदा से व्यापक स्तर पर संपत्ति की क्षति भी हुई, जिससे 1,184 घर, 710 गौशालाएं और 201 दुकानें प्रभावित हुईं। इस आपदा में 780 पशु भी मारे गए। सुक्खू ने बताया कि आपदा के पहले दिन से ही प्रभावित क्षेत्रों की सड़कें खोलने के लिए 50 जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं। उन्होंने कहा कि मंडी के धरमपुर क्षेत्र में भी बारिश से काफी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौल चौक, बगस्याड़, थुनाग, जंजैहली और छतरी की ओर जाने वाली सड़क को केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) में शामिल किया जाएगा, ताकि इसे समग्र सड़क के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने राज्य के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों से भी आग्रह किया कि वे केंद्र सरकार से अनुमति प्राप्त करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव का समर्थन करें, ताकि स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाया जा सके।

## विकसित केरल अब भारतीय जनता पार्टी का मिशन: अमित शाह

केरल, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा की केरल इकाई के मुख्यालय का उद्घाटन किया। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि केरल एक पवित्र भूमि है, क्योंकि यहीं श्री आदि शंकराचार्य जैसी महान आत्मा का जन्म हुआ था। आज, मैं श्री आदि शंकराचार्य की पुण्य आत्मा को नमन करता हूँ। आज केरल में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए, मैं उन सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के बलिदान को याद कर रहा हूँ जिन्होंने अपनी लगन और निष्ठा से हमारी पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाया है। मैं उनके बलिदान को नमन करता हूँ। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक



सम्मेलनों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं– भ्रष्टाचार रहित शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर–आधारित पार्टियाँ हैं, लेकिन दोनों में एक बड़ा अंतर है। केरल में कैडर कल्याण राज्य के विकास से बड़ा है, जबकि भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरलम है। शाह ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग विकसित केरल से होकर जाता है। शक्तिशाली दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना, एक विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित केरल अब भारतीय जनता पार्टी का मिशन बन गया है। अमित शाह ने इस साल होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश समिति के नए कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। शाह ने पार्टी का झंडा फहराया, भवन के सामने एक पौधा लगाया और परिसर में प्रवेश करने के लिए रिबन काटा तथा नए कार्यालय के आधिकारिक उद्घाटन के अवसर पर पारंपरिक दीप प्रज्वलित किया। शुक्रवार देर रात केरल पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा की केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत के जी मरार की कांस्य प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की, जिसे नए भवन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित किया गया है।

## एअर इंडिया दुर्घटना रिपोर्ट पर बोले विमानन मंत्री राम मोहन नायडू



नई दिल्ली, (एजेंसी)। नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने जोर देकर कहा है कि 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जाँच रिपोर्ट में केवल प्रारंभिक निष्कर्ष हैं। शनिवार को आई रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने विशाखापत्तनम में पत्रकारों से कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाँच दल ने सराहनीय काम किया है। हम एआईबीबी (विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो) के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो। हमें उम्मीद है कि अंतिम रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी ताकि हम किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकें। राम मोहन नायडू ने कहा कि मैं सचमुच मानता हूं कि पायलटों और चालक दल के मामले में हमारे पास पूरी दुनिया में सबसे शानदार कार्यबल है। एअर इंडिया की उड़ान एआई–171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। इसी वर्ष 12 जून को बोइंग 787 विमान से जुड़ी इस दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हो गई थी। विमान में सवार 242 व्यक्तियों में से केवल एक ही जीवित बचा था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा शनिवार को जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया कि विमान के ऑपरेटरों के लिए फिलहाल कार्रवाई की कोई सिफारिश नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जब विमान ने उड़ान भरी, उस समय सह–पायलट विमान उड़ा रहा था और कप्तान निगरानी कर रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है, "विमान ने भारतीय समयानुसार अपराह्न एक बजकर 38 मिनट 42 सेकंड पर अधिकतम दर्ज की गई।

## पहले भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चयन, दिल्ली और यूपी के प्रदेश अध्यक्षों का बाद में होगा ऐलान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति के करीब है। चुनाव की पात्रता प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही होंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद, भाजपा दो महत्वपूर्ण राज्यों, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगी। दोनों राज्यों का राजनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है। दिल्ली में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में 27 साल बाद सत्ता में लौटी है। यह अभी अनिश्चित है कि सचदेवा को दूसरा कार्यकाल



दिया जाएगा या पार्टी दिल्ली इकाई का नेतृत्व किसी नए चेहरे को सौंपेगी। उत्तर प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की उम्मीद है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त हो रहा था। हालाँकि, उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव तक विस्तार दिया गया था। हाल के चुनावों में राज्य में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए ।

## फिर कोर्ट पहुंचा राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता का मामला



लखनऊ, (संवाददाता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में शुक्रवार एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गयी है। याची एस विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने बीती 5 मई को मूल याचिका को निस्तारित करते हुए याची को छूट दी थी कि वह अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकता है। कोर्ट ने यह आदेश केंद्र सरकार की ओर से आये इस जवाब के बाद दिया था कि याची द्वारा की गई शिकायत के निस्तारण के लिए कोई समय सीमा नहीं बतायी जा सकती है, क्योंकि, यूनाइटेड किंगडम से जानकारियाँ मांगी गई हैं और उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां देने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर का कहना है कि उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, हालांकि रजिस्ट्री ने सुनवायी के लिए अभी याचिका को पास नहीं किया है।

## रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनाओं को मिलेंगे 1500 रुपए : मोहन यादव

उज्जैन, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की लाड़ली बहनाओं के लिए यह अच्छी खबर है कि राज्य सरकार उन्हें रक्षाबंधन के मौके पर 1250 रुपए के अलावा 250 रुपए अतिरिक्त देगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि इस राशि को बढ़ाकर आगामी समय में तीन हजार रुपए कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की सुबह बाबा महाकाल की भस्म आरती में हिस्सा लिया और पूजा–अर्चना की। उन्होने कहा कि आज बाबा महाकाल ने भस्म आरती में अद्भुत कृपा की है। बाबा के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हम समृद्धि के मार्ग पर निवेशकों को आमंत्रित कर रहे हैं। रविवार को मैं दुबई और स्पेन के सात दिवसीय दौरे पर जा रहा हूं।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं प्रतिबद्ध हूं लाडली बहनों को प्रतिमाह दी जाने वाली राशि को धीरे–धीरे करके तीन हजार रुपए तक पहुंचाएंगे। आज बहनों के खाते में 1250 रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। रक्षाबंधन के पहले ढाई सौ रुपए की अतिरिक्त राशि के साथ 1500 रुपए बहनों के खाते में अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री यादव ने लाड़ली बहनाओं को दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी का वादा किया और कहा कि भाई दूज के बाद नवंबर के महीने से हर महीने 1500 रुपए की राशि बहनों के खाते में अंतरित करने का संकल्प पूरा होगा। राज्य में कांवड़ यात्रा के यात्री आते है और उनका विभिन्न क्षेत्रों से निकलना भी होता है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि उज्जैन सहित अन्य स्थानों पर आने वाले कांवड़ यात्रियों को जरूरी सुविधाएं सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी। कांवड़ यात्री राज्य में जहां से प्रवेश करेंगे और जिस स्थान तक जाएंगे, उन्हें सरकार सुविधाएं देगी। बता दें कि राज्य में वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने लाड़ली बहनाओं को तीन हजार रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान किया था। राज्य में एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनाएं है।

# संपादकीय

## आत्मीय अहसासों का कत्ल

गुरुवार को हरियाणा से आई दो निर्मम हत्याओं की घटनाओं ने हर किसी संवेदनशील इंसान को झकझोरा है। गुरुपूर्णिमा के दिन दो शिष्यों ने नारनौंद में एक गुरु को चाकुओं से गोद दिया। वहीं गुरुग्राम में किसी बात पर आगबबूला पिता ने नाजों से पाली बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। यूं तो ये घटनाएं करोड़ों लोगों में उंगली पर गिनी जानी वाली हैं, लेकिन इन घटनाओं में रिश्तों और आत्मीय अहसासों का कत्ल हुआ, इसलिये हर कोई विचलित हुआ। इन हृदयविदारक घटनाओं ने हर किसी को उद्वेलित किया कि आखिर हम कैसा समाज रच रहे हैं? क्यों हम जरा–जरा सी बात पर अपनों व समाज में अब तक आदरणीय स्थान रखने वाले के खिलाफ ऐसी क्रूरता दिखाने लगे हैं। यूं तो हर रोज समाचारों में ऐसी खबरें तैरती रहती हैं, जिसमें हम विश्वास व रिश्तों का कत्ल होते देखते हैं। राह चलते मामूली विवाद में हत्याएं हो जाती हैं। सड़क पर एक कार का दूसरी से स्पर्श हो जाए या पार्किंग विवाद हो, लोग जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। लेकिन हरियाणा की दोनों घटनाएं अलग किस्म की हैं। अक्सर हम नई पीढ़ी के आक्रामक व्यवहार की बात करते हैं लेकिन गुरुग्राम में तो पिता ने अपनी पुत्री की हत्या कर दी। कतिपय समाचारपत्रों में गुरुग्राम में राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की हत्या की वजह उसके रील बनाने का जुनून बताया गया, तो दूसरे पत्रों में बेटी द्वारा टेनिस अकादमी खोलने से पिता का नाराज होना। लेकिन ठंडे दिमाग से सोचें तो ये कोई ऐसी वजह नजर नहीं है कि पिता अपने ही जिगर के टुकड़े को गोली मार दे। जाहिर है विवाद व टकराव की लंबी पृष्ठभूमि होगी। नए दौर के बच्चे अति आत्मविश्वास से भरे हैं। उनमें उत्साह है, उमंग है तो बहुत कुछ करने का जज्बा भी है। उनके सपने बड़े हैं तो सोचने–समझने के तौर–तरीके भी जुदा हैं। वहीं पुरानी पीढ़ी के संघर्ष से व सीमित संसाधनों में पले–पढ़े लोग नई व अपने से पहले की पीढ़ी के बीच तेजी से बदलते परिवेश से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास की तीव्र गति के बीच हमारे जीवन में बहुत कुछ तेजी से बदला है। पुरानी पीढ़ी इस संक्रमणकाल से सामंजस्य स्थापित करने में सहज महसूस नहीं कर पा रही है। नई पीढ़ी की स्वच्छंदता और अपने बड़े फैसले खुद लेने की प्रवृत्ति पुरानी पीढ़ी को रास नहीं आ रही है। जिसका प्रतिकार वे हिंसक तरीके से करने लगे हैं। वहीं नारनौंद की घटना हमें आक्रामक होते किशोरों की हकीकत पर विचार करने को बाध्य करती है। दो छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या किस वजह से की, उसकी हकीकत की असली तस्वीर जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन बात कोई भी हो किसी छात्र द्वारा गुरु की हत्या करने की वजह नहीं हो सकती। कहा जा रहा है कि प्रिंसिपल सख्त और बेहद अनुशासनप्रिय थे। लेकिन ये वजह किसी शिक्षक की हत्या को तार्किकता नहीं दे सकती। हत्या छात्र की हो या शिक्षक की, दोनों ही घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक दौर था कि अभिभावक खुद ही शिक्षक से कहा करते थे कि उनके पाल्य को कड़े अनुशासन में शिक्षा दीजिए। तब शिक्षक भी सख्ती करने से पीछे नहीं हटते थे। पढ़ाई ठीक से न करने और अनुशासन तोड़ने पर छात्रों की पिटाई आम बात हुआ करती थी। इस पर अभिभावक भी कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं देते थे।

## नेपाल के ईवी बाजार में बढ़ता चीन का दबदबा

पुष्परंजन

काठमांडो के एक कैब ड्राइवर, सचिन अधिकारी ने मैसेज भेजा, 'इस बार त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय विमानस्थल पर आपको इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) से रिसीव करूंगा, और होटल छोडूंगा। हमने पेट्रोल गाड़ी हटा दी है।' पिछली बार होटल याक एंड यति से एयरपोर्ट छोड़ते समय ड्राइवर सचिन अधिकारी ने मेरा नंबर शेयर किया था। सचिन ने रास्ते भर ईंधन संकट का दुखड़ा रोया था। लगभग एक दशक से पेट्रोल कार से दुखी सचिन, अकेले शख्स नहीं हैं, काठमांडो उपत्यका (घाटी) में कार ड्राइवर भारी रख–रखाव वाले बिल, वाहन कर, और आयातित ईंधन की बढ़ती लागत से बराबर परेशान दिखते हैं। हमारी आखिरी बातचीत को कोट करते हुए सचिन अधिकारी ने लिखा, 'आपने सही कहा था, ईवी तकनीक दुनिया भर में बेहतर हो रही है। मैं इसका अनुभव करना चाहता था, इसलिए मैंने इलेक्ट्रिक वाहन की ओर जल्दी ही रुख किया। मैं यात्रियों के साथ रोजाना लगभग सवा सौ किलोमीटर ड्राइव करता हूं, इससे 11,000 नेपाली रुपये (भारतीय मुद्रा में 6888 रु.) कमाता हूं। चार्जिंग का खर्च मुझे सिर्फ 500 रुपये ( 313 भारतीय रुपये) आता है। हमें चार्जिंग स्टेशन ढूंढ़ने की चिंता भी नहीं है, क्योंकि ये हर 50 से 100 किलोमीटर पर उपलब्ध होते हैं। ईवी कंपनियां 1,60,000 किलोमीटर तक मुफ्त सर्विसिंग प्रदान करती हैं, जिससे हमें पैसे की बचत काफी होती है।' इस हिमालयी देश में 2020 में केवल 250 इलेक्ट्रिक वाहन थे, अब वो 2025 में बढ़कर 15,000 से अधिक हो गए हैं। नेपाल के भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन मंत्रालय के सूचना अधिकारी मोहन निरौला बताते हैं, 'नेपाल में ऊर्जा क्षेत्र से होने वाले कुल वार्षिक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में परिवहन क्षेत्र का योगदान 36 प्रतिशत है। नेपाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को व्यापक रूप से अपनाना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता माना है। हमारा लक्ष्य 2025 तक 20 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाना है। साल 2023 में, नेपाल ने पहली बार जलविद्युत से उत्पादित बिजली का शुद्ध वार्षिक अधिशेष हासिल किया था। अनुमान है, कि 2030 तक नेपाल में खरीदी जाने वाली सभी नई माइक्रो और मिनी बसों में से 85 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होंगी। इस परियोजना से ई–मोबिलिटी के लिए सीधे तौर पर 299 मिलियन यूरो का लाभ मिलेगा।' परिवहन मंत्रालय के सूचना अधिकारी बताते हैं, कि सार्वजनिक परिवहन संचालकों को 3,500 विद्युत सूक्ष्म और लघु बसें (इएमबी) चलाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। देशव्यापी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन का विस्तार, और डिजिटलीकरण किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और एक ऐप पेश किया जाएगा। दो–तीन दशक पहले तक साफ–सुथरी आबोहवा वाला काठमांडो, अब दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। काठमांडो के लाखों निवासियों के लिए खराब वायु गुणवत्ता रोजमर्रा की परेशानी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित पीएम 2.5 स्तरों से 20 से 35 गुना अधिक प्रदूषित होने का अंदाजा पर्यावरणविद देते हैं। इसके प्रमुख कारणों में लगभग 17.5 लाख वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, जंगल की आग, ईंट भट्ठों का धुआं, निर्माण स्थलों से निकलने वाली धूल, काठमांडो शहर में कोयले पर पकनेवाली सीक–कबाब की दुकानें, खुले में कचरा जलाने की बुरी आदतों को वो लोग गिनाते हैं, जो शासन में हैं। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 26,000 अकाल मौतें होने का अनुमान है।

# जल युद्ध प्रारंभ हो चुका है- माननीय इंद्रेश कुमार जी

## राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की तीन दिवसीय दसवीं वार्षिक राष्ट्रीय आम सभा का दूसरा दिन सम्पन्न





नई दिल्ली। जल युद्ध प्रारंभ हो चुका है। जल आने वाले समय में एक बड़ा हथियार साबित होगा। सिंधु, ब्रह्मपुत्र और गंगा मां हमारी सांस्कृतिक आत्मा है। इनकी रक्षा राष्ट्र रक्षा से कम नहीं है। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। यह बात राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के मार्गदर्शक श्रीइंद्रेश कुमार जी ने तीन दिवसीय 10 वीं वार्षिक राष्ट्रीय आम सभा के दूसरे दिन अपने संबोधन में कहा। उन्होंने आगे कहा कि जिस सिंधु के नाम पर हमारे देश का नाम हिंदुस्तान कहलाया, पाकिस्तान उसी के जल को हमारे खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है। यह राष्ट्र सुरक्षा का मुद्दा है। वहीं ब्रह्मपुत्र भारत के पूर्वोत्तर का प्राणतत्व है लेकिन चीन द्वारा बनाया जा रहा डैम और जल नियंत्रण इस क्षेत्र के को बाढ़ और सूखे की चपेट में ला सकता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की दसवीं तीन दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय आम सभा के आयोजन का दूसरा दिन है। यह राष्ट्रीय आम सभा दिल्ली के बख्तावरपुर स्थित साहेब फार्म एंड रिजॉर्ट में किया जा रहा है।

### सात क्षेत्रों की 45 इकाइयों ने दी कार्य रिपोर्ट

दूसरे दिन चार प्रमुख सत्रों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के पहले सत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के देशभर के विभिन्न इकाइयों ने अपने वार्षिक कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की देशभर में कुल सात क्षेत्र हैं जिसके अंतर्गत 45 इकाइयां आती है। इन सभी क्षेत्रों के इकाई के प्रतिनिधियों ने अपने वार्षिक कार्य का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया।

### भारत बन रहा वैश्विक स्थिरता का नेतृत्वकर्ता : मेजर जनरल भट्टाचार्य

वहीं तीसरे सत्र में दिल्ली इकाई अध्यक्ष मेजर जनरल सौरेश भट्टाचार्य ने क्षेत्रीय स्थिरता में भारत की उभरती नेतृत्वकारी भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत अब एशिया ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व में स्थिरता, शांति और संतुलन का नेतृत्वकर्ता बन रहा है। यह उभरती भूमिका केवल सैन्य या आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने अपने गहन विश्लेषण में बताया कि भारत की नीति, नीयत और नेतृत्व ने पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्रीय अस्थिरता के दौर में भी एक विश्वसनीय शक्ति के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि जहां पाकिस्तान विफलता और कट्टरपंथ का उदाहरण बन गया है, वहीं भारत स्थिर लोकतंत्र, संयमित नेतृत्व और वैश्विक कूटनीति का प्रतीक बन चुका है।

### नो मोर पाकिस्तान केवल नारा नहीं, अब नीति बने : मेजर अनुज माथुर

वहीं मेजर अनुज माथुर ने नो मोर पाकिस्तान पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से बार–बार भारत की संप्रभुता, शांति और नागरिकों की सुरक्षा को चुनौती दी गई है कभी कश्मीर में छद्म युद्ध, कभी ड्रोन हमले और कभी घुसपैठ के जरिए आतंक फैलाकर। इसलिए अब समय आ गया है कि भारत पाकिस्तान को आतंकवाद की फैक्ट्री के रूप में चिन्हित कर नो मोर पाकिस्तान को नारे से आगे नीति में बदले।

### वाटर बॉम ऑफ चाइना है भारत के लिए खतरा : डा. रॉबिन हिस्सांग

वहीं जल–राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ डॉ. रॉबिन हिस्सांग ने वाटर बॉम ऑफ चाइना विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चीन जिस तरह से तिब्बत क्षेत्र में विशाल जल भंडारण और बहाव नियंत्रण कर रहा है, वह भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक मौन लेकिन विध्वंसकारी खतरा बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि यह संकट हथियारों से नहीं, नदी जल के माध्यम से छाया जा रहा है और यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा संकट उत्पन्न कर सकता है।

### हिमालय केवल सीमा नहीं, हमारी सांस्कृतिक आत्मा है : प्रो. महताब आलम रिजवी

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. डॉ. महताब आलम रिजवी ने शहिन्द से हिमालय समूहश विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की सांस्कृतिक सुरक्षा, जनजीवन की गरिमा और राष्ट्रीय संप्रभुता के अंतर्संबंध है। हिमालय भारत की भौगोलिक सीमा नहीं, सांस्कृतिक आत्मा है। वहाँ रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना भारत की सबसे पहली राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत की उत्तरी सीमाओं पर चीन द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे, गांव निर्माण और नाम बदलने जैसे कार्य न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा बल्कि स्थानीय नागरिकों के मानवाधिकारों पर भी सीधा आक्रमण हैं।

### भारत की सीमाएं अब पहले से अधिक मजबूत : संजय कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के पूर्व डीजीपी संजय कुल्लू ने कहा कि आज का भारत बदल चुका है। भारत की सीमा को लेकर पूर्व की रणनीति और आज की रणनीति में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। आज हम सीमा से सड़क तक सुविधा पहुंचा रहे हैं। जो बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने निजी अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस तरह से सीमावर्ती क्षेत्रों को लेकर लगातार रणनीति बेहतर हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर यह रणनीति नहीं बदलती तो भारत को चीन और पाकिस्तान से बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता था। दूसरे दिन चौथे सत्र में आगामी वर्ष की रुपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी वर्ष में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के विभिन्न इकाई द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा और विचार प्रस्तुत किया। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के सदस्यता अभियान को भी तेजी से बढ़ाने पर सबकी सहमति बनी। वहीं वार्षिक आम सभा के दूसरे दिन का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की तीन दिवसीय दसवीं वार्षिक राष्ट्रीय आम सभा का तीसरे व पाँचवे सत्र में नो मोर पाकिस्तान जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विचार के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दिन देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई स्थिरता और सामरिक चुनौतियों पर गंभीर मंथन किया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा विषय पर चर्चा की गई, जिसमें आगामी महीनों के लिए रणनीति तैयार की गई। देशभर की इकाइयों ने अपने–अपने क्षेत्रों में संचालित अभियानों और प्रस्तावित आयोजनों की जानकारी साझा की। इनमें जम्मू–कश्मीर, पंजाब, अमृतसर, पठानकोट, कोलकाता, कानपुर और अन्य स्थानों पर नो मोर पाकिस्तान, अखंड भारत संकल्प, नशा मुक्त भारत और साइबर अपराध जागरूकता अभियान जैसे विषयों पर जनचेतना कार्यक्रम आयोजित करने की योजना प्रस्तुत की गई। सत्र के दौरान में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। मध्य, पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वोत्तर भारत की इकाइयों ने अपने–अपने क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी और युवाओं के उत्साह की जानकारी दी। विशेष रूप से हिन्द से हिमालय, अखंड भारत संकल्प और नारी शक्ति जागरूकता अभियान को और अधिक संगठित स्वरूप देने पर सहमति बनी। तीसरे दिन के प्रथम सत्र में यह स्पष्ट हुआ कि नो मोर पाकिस्तान अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की नीति निर्धारण प्रक्रिया की दिशा बनता जा रहा है। अमृतसर, पटियाला, जम्मू–कश्मीर और कानपुर सहित कई क्षेत्रों में 14 अगस्त को इस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पठानकोट, लुधियाना और जालंधर में नशे के विरुद्ध अभियान चलाने की योजना भी बनी। द्वितीय सत्र में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। मध्य, पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वोत्तर भारत की इकाइयों ने अपने–अपने क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी और युवाओं के उत्साह की जानकारी दी। विशेष रूप से हिन्द से हिमालय, अखंड भारत संकल्प और नारी शक्ति जागरूकता अभियान को और अधिक संगठित स्वरूप देने पर सहमति बनी। इसी क्रम में गोरखपुर इकाई द्वारा आगामी राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की घोषणा की गई है। इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय चेतना का विकास करना तथा भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता को सुदृढ़ करना है। गोरखपुर में 10 अगस्त को प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसके पश्चात 13 से 17 अगस्त तक नो मोर पाकिस्तान अभियान दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय एवं एम. एम. अभियांत्रिकी महाविद्यालय में चलेगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अब अनुशासन ही राष्ट्र का जीवन हैश विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। 16 फरवरी को बलिदान दिवस पर कुशीनगर से पिथौरागढ़ तक शौर्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो विशाल भारत अभियान का हिस्सा होगा। वर्ष 2026 में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर भारत भूमि को प्रणाम कार्यक्रम तथा 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जयंती को संविधान दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारत भूमि पर ध्वज फहराने का सामूहिक संकल्प भी दोहराया जाएगा।

पश्चिमी क्षेत्र द्वारा श्रीगंगानगर सीमा क्षेत्र में 14 अगस्त को नो मोर पाकिस्तान अभियान के अंतर्गत अमर भारत अभियान एवं षविशाल भारत भूमि स्पर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ–साथ 5 अगस्त से 15 अगस्त तक विशेष संवाद कार्यक्रमों एवं स्थानीय आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। यह यात्रा वडोदरा से प्रारंभ होकर 19 अगस्त को जम्मू में एक विशाल राष्ट्रभक्ति मार्च के साथ शनो मोर पाकिस्तान के उद्घोष के साथ सम्पन्न होगी। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री इंद्रेश कुमार जी उपस्थित रहे। समापन सत्र नवीन दिशा, संगठित भारत विषय पर केन्द्रित रहा। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया, जिनमें सरदार जसवीर सिंह, डॉ. वर्णिका शर्मा, मेजर सोरेश भट्टाचार्य तथा प्रो. मजहर आसिफ (कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय) प्रमुख रहे। इन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई और युवाओं में राष्ट्रभक्ति एवं जागरूकता की भावना को बल मिला।

### चीन द्वारा निर्माण किए जा रहे डैम से डरने की जरूरत नहीं – सरदार जसवीर सिंह

सरदार जसवीर ने चीन के वाटर बम नीति पर बोलते हुए चीन द्वारा बनाए जा रहे डैम से न डरने की बात कही। सभी प्रतिनिधियों को नैशनल टीम की तरफ से सफल कार्यक्रम की बधाई दी तथा पहले दो दिनों के विषयों पर चर्चा के साथ 14 अगस्त को आयोजित होने वाले विशाल भारत अभियान पर चर्चा की।

### आने वाला समय जल, विचार व संस्कृति के युद्ध का युग

इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के मार्गदर्शक माननीय इंद्रेश कुमार जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, आज देश को केवल सीमाओं की नहीं, विचारों की भी रक्षा करनी है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री बना रहा है, भारत की सुरक्षा अधूरी रहेगी। नो मोर पाकिस्तान केवल नारा नहीं, यह अब राष्ट्र की नीति का केंद्र बनना चाहिए। भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए युवाओं को निर्णायक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाला युग जल, विचार और संस्कृति के युद्ध का युग होगा और भारत को इसके लिए सजग एवं संगठित रहना होगा। आखिरी में उन्होंने सबको बधाई देते हुए सबको शुभकामनाएं दी और आने वाले भविष्य को लेकर सतर्क होने के लिए कहा।

### सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ दिन का समापन

इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ अधिकारी और देशभर से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें माननीय गोलोक बिहारी राय, प्रो. महताब आलम रिजवी, विक्रमादित्य सिंह, डॉ. सत्य प्रकाश, जेपी शर्मा, प्रो. अनिल सौमित्र, एसके महापात्र, मनोज शर्मा, अरुण कुमार, एडवोकेट वीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. भूपेंद्र साहू, तौकीर राजा, राजेश महाजन, कर्नल गुलाम मोहम्मद खान, डॉ वर्तिका, प्रतिमा मिश्रा, डॉ. विवेक, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ अभय, एडवोकेट देवेंद्र सैनी, डॉ. अमित सिंह, पुनित कुमार नन्दा, सुधांशु, यतेंद्र, सुमन शर्मा, शिवानी, छत्तर सिंह आदि प्रमुख थे। साथ ही इस कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जामिया हमदर्द, दिल्ली विश्वविद्यालय इत्यादि दिल्ली–एनसीआर समेत देशभर के प्राध्यापक, शोधार्थी, सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, सेना के अधिकारी, जज एवं संगठन की देशभर की 50 से अधिक इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# .......... विविध ..........

## ठंडी चीजें चबाने की लत है तो करवा लें यह टेस्ट

बहुत से लोगों को ठंडी–ठंडी चीजें जैसे बर्फ के टुकड़े, आइस क्यूब या अन्य ठंडी वस्तुएं चबाने की आदत होती है। इसे सामान्यतया लोग मजे के लिए या तनाव कम करने के लिए करते हैं। लेकिन अगर यह आदत बार–बार और बहुत ज्यादा हो तो यह स्वास्थ्य के लिए चेतावनी हो सकती है। इस आदत का एक बड़ा कारण आयरन की कमी हो सकता है, जिसे मेडिकल भाषा में आयरन की कमी से जुड़ी एनीमिया कहते हैं।

ठंडी चीजें चबाने की आदत क्या है?

ठंडी चीजें चबाने की आदत को मेडिकल टर्म में पिका कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति सामान्य खाने–पीने की चीजों के अलावा ऐसी वस्तुएं खाने या चबाने लगता है जो आमतौर पर खाने योग्य नहीं होतीं। जब कोई व्यक्ति बर्फ या ठंडी चीजें बार–बार और अधिक मात्रा में चबाने लगे, तो इसे पिका सिंड्रोम का एक रूप माना जा सकता है।

ठंडी चीजें क्यों चबाते हैं लोग?

कई लोग तनाव, बेचौनी या बोरियत की वजह से ठंडी चीजें चबाते हैं। लेकिन अगर यह आदत लगातार बनी रहे, खासकर अगर यह किसी की भूख को भी प्रभावित करने लगे, तो यह एक संकेत हो सकता है कि शरीर में कोई पोषण संबंधी कमी है। खासकर आयरन की कमी वाली स्थिति में लोग बर्फ चबाने के लिए अधिक प्रेरित होते हैं।

आयरन की कमी और ठंडी चीजें चबाने का संबंध

जब शरीर में आयरन की कमी होती है तो लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या कम हो जाती है और शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता घट जाती है। यह स्थिति एनीमिया कहलाती है। आयरन की कमी से पीड़ित लोग कई बार अपनी आदतों में बदलाव महसूस करते हैं, जिसमें बर्फ या ठंडी चीजें चबाने की इच्छा भी शामिल होती है।

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, आयरन की कमी वाले मरीजों में बर्फ चबाने की लत (पिका) आम देखी गई है। ऐसा माना जाता है कि बर्फ चबाने से मुँह की सूजन या जलन को कुछ हद तक कम किया जा सकता है, जिससे कुछ राहत मिलती है। इसलिए, यह एक तरह का प्रतिक्रिया स्वरूप व्यवहार हो सकता है।

यह लत कब गंभीर हो जाती है?

अगर आप या आपके आसपास के कोई व्यक्ति रोजाना, बार–बार और बिना वजह के बर्फ या ठंडी चीजें चबा रहे हों, तो इसे अनदेखा न करें। यह आदत आपके स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है, खासकर अगर यह खाने की सही मात्रा को प्रभावित कर रही हो या शरीर में विटामिन और मिनरल की कमी की वजह से हो रही हो।

आयरन की कमी के अन्य लक्षण

ठंडी चीजें चबाने की आदत के अलावा आयरन की कमी के और भी कई लक्षण होते हैं जिन्हें पहचानना जरूरी है–

बार–बार थकान और कमजोरी महसूस होना। त्वचा का पीलापन या रंग फीका पड़ जाना। सांस फूलना या हल्का हल्का चक्कर आना। मुंह के कोनों पर दरार या घाव होना। बालों का झड़ना या टूटना। हाथ–पैर ठंडे महसूस होना। अगर आप इनमें से कोई भी लक्षण महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए।

आयरन की कमी का कारण क्या होता है?

आयरन की कमी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मुख्य हैं



खून की कमी या खून बहना (जैसे मासिक धर्म में अत्यधिक रक्तस्राव)

पोषण की कमी, खासकर आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का कम सेवन

शरीर में आयरन के अवशोषण की समस्या (जैसे पेट या आंत की बीमारी)

गर्भावस्था में अधिक आयरन की आवश्यकता

इन कारणों को समझना और उनका सही इलाज कराना जरूरी होता है।

कैसे पता करें कि आयरन की कमी है?

आयरन की कमी का पता लगाने के लिए रक्त जांच (Complete Blood Count : CBC) करानी पड़ती है। डॉक्टर इस रिपोर्ट के आधार पर यह समझ पाते हैं कि शरीर में आयरन की कमी है या नहीं। अगर कमी पाई जाती है तो डॉक्टर आयरन सप्लीमेंट और डाइट चार्ट सुझाते हैं।

# प्रदेश के 12 जिलों में आज भीषण बारिश का अलर्ट

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में शुक्रवार को कईजगहों पर भारी बारिश देखने को मिली। सावन माह के पहले ही दिन दक्षिण के बांदा में सर्वाधिक 192 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं सोनभद्र में 122.4 मिमी, संभल में 91 मिमी, मिर्जापुर में 90 मिमी, आगरा में 72 मिमी और चित्रकूट में 67 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से मानसून की सक्रियता सिर्फ दक्षिण तक ही सीमित न रहकर पूर्वी और उत्तराखंड से सटे जिलों को भी अपने दायरे में लेगा । अगले दो दिन बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र के साथ ही अन्य हिस्सों में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, सोनभद्र, कानपुर, जालौन, हमीरपुर, झांसी समेत 11 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 48 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार को बुंदेलखंड, विंध्य और कुछ पूर्वी इलाकों में अच्छी बारिश के आसार हैं। हालांकि इस दौरान प्रदेश के बाकी हिस्सों में भी बादलों की आवाजाही और छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी।

इन जिलों में है भारी बारिश की संभावना

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में ।

यहां है मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में

# केजीएमयू को पांच भवनों की मिलेगी सौगात, सीएम योगी करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

लखनऊ, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचकर रोगियों को सुविधाओं की सौगात देंगे। इसके तहत दो भवनों का लोकार्पण और तीन का शिलान्यास होना है। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि सोमवार को शाम 4.00 बजे मुख्यमंत्री ने लोकार्पण और शिलान्यास के लिए समय दिया है। इसके तहत कार्डियोलॉजी भवन और ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही जनरल सर्जरी के नए भवन, नए प्रशासनिक भवन और ट्रामा–2 का शिलान्यास किया जाएगा।

300 बेड का होगा जनरल सर्जरी विस्तार भवन

केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग का नया भवन बनाया जाना है। 9.62 एकड़ में 37,128.76 वर्ग मीटर में बनने वाले इस विस्तार भवन के निर्माण में करीब 315 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। इस भवन में कार पार्किंग के लिए दो मंजिला अंडर ग्राउंड बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर समेत कुल 11 मंजिला भवन बनाया जाएगा। नए भवन में कुल 300 बेड की क्षमता होगी। 12 ऑपरेशन थिएटर होंगे। इसमें एक एडवांस रोबोटिक सर्जरी की ओटी, 11 माड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे। इसमें छह ओटी लैप्रोस्कोप सिस्टम से लैस होंगी। भवन में ऑडिटोरियम समेत अन्य सुविधाएं होंगी।

दोगुनी हो जाएगी कार्डियोलॉजी भवन की क्षमता

केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में छह महीने से नया भवन बनकर तैयार है। इसकी शुरुआत होने पर दिल के रोगियों का इलाज करने की क्षमता दोगुने से ज्यादा हो जाएगी। यहां आईसीयू के बेड की क्षमता 84 से बढ़कर 180 हो जाएगी। इस 10 मंजिला भवन के छह मंजिलों पर मरीजों को भर्ती, इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रशासनिक भवन भी होंगे। नीचे की चार मंजिलों पर मल्टीलेवल पार्किंग की सुविधा रहेगी। इसकी शुरुआत होने पर कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में मचने वाला घमासान कम हो जाएगा।

ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में होगे 340 बेड

केजीएमयू के ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में हड्डी रोग के तीन विभाग आर्थोपेडिक सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन और पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक शिफ्ट किए जाएंगे। नए भवन में 340 बेड पर मरीज भर्ती करने की क्षमता है। ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर भवन में सभी जांचों की सुविधा एक ही भवन में मिल जाएगी। यहां एमआरआई, खून की जांच, सीटी स्कैन और एक्सरे जांच की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। यहां 24 प्राइवेट रूम, 24 आईसीयू, 340 बेड, आठ ओटी, आठ ओपीडी रूम, एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्सरे, खून की जांच, हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड की सस्ती दर की दुकान, डॉक्टरों के कमरे, बेसमेंट में पार्किंग, कैंटीन की सुविधा मिलेगी।

# प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में लखनऊ पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, ब्रजेश पाठक ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री का स्वागत किया। इसके बाद यहां से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम ऐशबाग के रामलीला ग्राउंड स्थित तुलसी मानस भवन में आयोजित किया गया। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस




दौरान रक्षामंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश में बजा पंचायत चुनाव का बिगुल, मतदाता सर्वेक्षण 14 अगस्त से इस तरह से जोड़े जाएंगे नए वोटर



लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयारियों का बिगुल बज चुका है। घर–घर जाकर मतदाताओं की गणना, सर्वेक्षण और हस्तलिखित ड्राफ्ट तैयार करने का काम 14 अगस्त से 29 सितंबर के बीच होगा। 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय में शामिल होने की स्थिति में समाप्ति एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 13 अगस्त के बीच होगी। इसी अवधि में बीएलओ और पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, प्रशिक्षण और स्टेशनरी बांटने का काम पूरा किया जाएगा। मतदाता सूची में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितंबर रहेगी। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर–घर जाकर जांच 23 सितंबर से 29 सितंबर के बीच की जाएगी। मतदाता सूची में बदलाव के लिए तैयार हस्तलिखित पांडुलिप सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में 30 सितंबर से 6 अक्तूबर तक जमा होंगे। ड्राफ्ट की कंप्युटर से पाडुंलिपि तैयार करने का काम 7 अक्तूबर से 24 नवंबर के बीच किया जाएगा।

आपत्तियों का निस्तारण 13 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच

25 नवंबर से 4 दिसंबर तक मतदान केंद्र व स्थलों को क्रम देने, वार्डों की मैपिंग आदि देने का काम पूरा होगा। अनंतिम मतदाता सूची का ड्राफ्ट 5 दिसंबर को प्रकाशित होगा। अनंतिम मतदाता सूची का मुआयना 6 दिसंबर से 12 दिसंबर के बीच किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 6 दिसंबर से 12 दिसंबर तक ली जाएंगी। खास बात यह है कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के दावे एवं आपत्तियां स्वीकार किए जाएंगे। दिसंबर के बीच सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने होंगे। मूल सूची में इन्हें 24 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच शामिल किया जाएगा। मतदाता केंद्रों व मतदाता सूची को क्रम देने, वार्डों की मैपिंग आदि का काम 9 जनवरी से 14 जनवरी के बीच किया जाएगा। जनसामान्य के लिए अंतिम सूची का प्रकाशन 15 जनवरी को होगा।

अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे संबंधित कार्यालय

मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में समयसीमा नहीं बढ़ाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित, सीएम योगी ने किया शुभारंभ

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को श्भारत में पशु नस्लों का विकासश विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के हाल में किया



गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसका शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य श्पशुधन में वृद्धि से पशुपालकों की समृद्धिश है। इस मौके पर योगी सरकार में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बंघेल, केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन मौजूद रहे।

### समर कैंप कराने वाले शिक्षामित्र–अनुदेशकों को मानदेय का इंतजार

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में नवाचार करते हुए इस साल 21 मई से 15 जून तक पहली बार समर कैंप का आयोजन किया गया। इसके आयोजन की जिम्मेदारी विद्यालयों में तैनात रहे 1.42 लाख शिक्षामित्रों व 25 हजार अनुदेशकों को दी गई थी। इसके लिए 6000 रुपये मानदेय तय किया गया था, लेकिन अभी तक इसका भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय के लिए वे अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार ने कहा कि इसके लिए उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार से मिलकर जल्द मानदेय जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को यूं ही 11 महीने का मानेदय दिया जाता है। हमने गर्मी में भी विभाग के निर्देश पर इसीलिए काम किया कि समय से मानदेय मिल जाएगा। लेकिन, अभी तक उनका मानदेय नहीं मिला है।

### लखनऊ में पोल टूटे ,सुबह से बिजली–पानी गुल

लखनऊ। ऐशबाग क्षेत्र के मोतीझील इलाके में शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे बारिश के दौरान दीवार गिरने से चार बिजली पोल और तार टूट गए। इससे पूर्वाहन पौने 12 बजे तक बिजली चालू नहीं हो सकी। इससे 500 से ज्यादा परिवार बिजली संकट की चपेट में है। हालांकि, टूटे बिजली पोल और तारों को सही करने का काम चल रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पोल और तार टूटने के कारण मोतीझील और अनुपम नगर के उपभोक्ता बिजली संकट की चपेट में है। जेई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की झूठी सूचना उपभोक्ताओं ने बिजली संकट की शिकायत है।?

## संक्षिप्त खबरें

### बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों को तुरंत बंद करने के आदेश : डॉ गोरखनाथ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को अपने क्षेत्र में ऐसे विद्यालयों की पहचान करने का निर्देश दिया है। बीएसए ने आदेश दिया है कि चिन्हित विद्यालयों की सूची तहसील के उपजिलाधिकारी को भेजी जाए। ये उपजिलाधिकारी जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष भी हैं। बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों को तुरंत बंद करने के आदेश दिए गए हैं। डॉ. पटेल ने सोमवार को बताया कि बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनियमितता हैं। इस मामले में किसी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। बंद किए गए विद्यालयों की सूची बीएसए कार्यालय को भेजनी होगी। इसके बाद उनके खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाही की जाएगी। यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के हित में उठाया गया है। बीएसए ने चेतावनी दी है कि अगर किसी क्षेत्र में बिना मान्यता के स्कूल चलते पाए गए तो संबंधित खंड शिक्षाधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा।

### पुलिस ने किया शातिर चोर को गिरफ्तार

अयोध्या।सोमवार को रूदौली पुलिस ने चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 25 मोबाइल,गैस सिलेण्डर,चोरी की बाइक बरामद किया।इस घटना का खुलासा एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में किया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी विजय कुमार उर्फ गप्पू कोरी पुत्र रामलाल कोरी उर्फ सेठऊ निवासी छोटी बनी मजरे भटमऊ थाना बाबा बाजार ने अयोध्या जिले के अलावा बाराबंकी व सुल्तानपुर जिले के थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को वार्ता दिया था। जिस पर लगभग 10 मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को करीमपुर नहर पुलिया के पास से चोरी का सामान बरामद करते हुए गिरफ्तार किया।गिरफ्तार करने वाले टीम मे निरीक्षक संजय मौर्य कोतवाली रुदौली,निरीक्षक अपराध शत्रुघ्न यादव थाना को0 रूदौली,उ0नि0 गजेन्द्र कुमार थाना को0 रुदौली,उ0नि0 कृपाशंकर यादव थाना को0 रूदौली, शामिल रहे।

### मानक पर खड़े नहीं उतर रहे शहर में खुले सैकड़ो पेइंग गेस्ट हाउस

अयोध्या।रविवार की शाम अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रानोपाली पुलिस चौकी मे लखनऊ गोरखपुर हाईवे के समीप स्थित गौरी शंकर पैलेस मे युवक व युवती की संदिग्धावस्था में हुई मौत ने विकास प्राधिकरण,नगर निगम,पुलिस विभाग के साथ साथ फायर विभाग के कार्य शैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया।इन सभी विभागों के कार्य शैली का खुलासा रविवार को उस समय हुआ जब लखनऊ गोरखपुर हाईवे के नीचे गेस्ट हाउस के कमरे के अंदर आने जाने के लिए एक पतली सी गली मे स्थित एक पैलेस के अंदर युवक युवती का शव मिला।

# धर्मांतरण के लिए लेता था मिशनरियों से मदद, बनती थी गरीबों की सूची नीतू का थे ये रोल

लखनऊ, (संवाददाता)। हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में एटीएस के शिकंजे में आए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पीर के मंसूबे इससे भी कहीं घातक थे। अवैध ध



र्मांतरण के लिए उसने नेपाल जिले से सटे संवेदनशील सात जिलों में सक्रिय कुछ ईसाई मिशनरियों से भी सांठगांठ कर ली थी। उनके वालंटियरों को पैसे देकर कमजोर वर्गों का ब्योरा लेता था और फिर चिह्नित परिवारों को आर्थिक रूप से मदद कर प्रभाव में लेकर धर्म परिवर्तन कराता था। धर्मांतरण में होने वाले खर्च का पूरा हिसाब नसरीन ही रखती थी। नवीन से जलालुद्दीन बना नीतू का पति पुलिस और स्थानीय प्रशासन को मैनेज करता था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार देवीपाटन मंडल में मिशनरियों ने हर वर्ग के अनुसार प्रचारक नियुक्त किया है, जिससे परिवारों को समझाने और धर्मांतरण के लिए राजी करने में आसानी होती है। इसकी पूरी चेन है। प्रचार, पास्टर और पादरी अहम कड़ियां हैं। इनके पास चुनिंदा क्षेत्रों के दलित, वंचित, गंभीर रूप से बीमार व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का पूरा ब्योरा होता है, जिसे छांगुर समय–समय पर पैसे और प्रभाव का उपयोग कर धर्मांतरण के लिए हासिल करता था। हिंदू परिवारों को प्रभावित करने के लिए वह नीतू उर्फ नसरीन और नवीन उर्फ जमालुद्दीन का उदाहरण देता था। बताता था कि दोनों पहले सिंधी थे। इस्लाम स्वीकार करने के बाद जिंदगी बदल गई। आज इनके पास पैसे हैं. ..आलीशान कोठी है...महंगी गाड़ी है...। इस्लाम स्वीकारते ही तुम्हारी भी जिंदगी बदल जाएगी। भारत–नेपाल बॉर्डर पर काम कर चुके पूर्व आईबी अधिकारी संतोष सिंह बताते हैं कि छांगुर पीर मिशन आबाद की अहम कड़ी है। हिंदू परिवारों के धर्म परिवर्तन के बदले उसे विदेश से फंडिंग भी होती थी। इसकी रिपोर्ट भी बनी और गृह मंत्रालय को भेजी भी गई। देर से ही सही, लेकिन अब कार्रवाई पुख्ता हो रही है। तो आईएसआई से नजदीकी बढ़ाने काठमांडू भी गया था छांगुर

बीते दिनों नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन राजधानी काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित हुआ था, जिसमें पाकिस्तान की नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी (एडीयू) का प्रतिनिधिमंडल मौजूद था। पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी भी थे। दुनिया को दिखाने के लिए भले ही यह एक्सचेंज प्रोग्राम था, लेकिन इस कार्यक्रम के बाद पाकिस्तानी दल ने भारत सीमा का दौरा किया था, जिसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी भी थे। तब नेपाल के सीमावर्ती जिले दांग के एक कद्दावर धार्मिक नेता के साथ छांगुर आईएसआई से नजदीकी बढ़ाने काठमांडू तक भी पहुंचा था।

# एक हजार पीएम आवासों का एलडीए करेगा आवंटन

लखनऊ, (संवाददाता)। बसंतकुंज योजना में बने एक हजार पीएम आवासों का आवंटन एलडीए इसी महीने करेगा। इसको लेकर अंतिम सप्ताह में लॉटरी डाली जाएगी। जिन आवासों का आवंटन किया जाएगा, उनके लिए दो साल पहले 9,238 लोगों ने आवेदन किया था। जांच के बाद 7,784 आवेदक पात्र पाए गए थे। करीब तीन साल पहले एलडीए ने बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए एक हजार पीएम आवासों के लिए पंजीकरण खोला था। यह मकान करीब 34 वर्ग मीटर के हैं और चार मंजिला हैं। मकान की कीमत 4.79 लाख रुपये है। अब इनके आवंटन के लिए 24, 25 व 26 जुलाई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में लॉटरी होगी। योजना के नियमों के तहत तीन लाख रुपये सालाना आय वाले वे लोग ही आवेदन कर सकते थे, जिनका शहर में अपना कोई आवास नहीं है। पंजीकरण के बाद नोडल एजेंसी नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने आवेदकों की जांच की। आवेदकों को डूडा में पंजीकरण भी कराना होता है, जिसमें समय लगा और बीते साल अकबरनगर बस्ती को हटाने का मामला आने के बाद भी लॉटरी में देरी हुई, क्योंकि वहां बस्ती से हटाए गए लोगों को विस्थापित किया गया। पीएम आवासों की लॉटरी की तारीख तय हो गई है। आदेश भी जारी कर दिया गया है। तैयारी करने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी भी दे दी गई है।

# आज से चलेगा बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों के खिलाफ अभियान

लखनऊ, (संवाददाता)। शहर में बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों के खिलाफ नगर निगम शनिवार से अभियान चलाएगा। इस दौरान बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वाले से पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा, जिन्होंने पहले लाइसेंस बनवाया, लेकिन नवीनीकरण नहीं कराया, उनसे प्रतिदिन 50 रुपये के हिसाब से विलंब शुल्क लिया जाएगा। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से जून तक 1500 लाइसेंस ही बने हैं, जबकि अनुमानित तौर पर 10,000 से अधिक लोगों ने कुत्ता पाल रखा है। अब अभियान चलाकर लाइसेंस की जांच होगी। जुर्माना जमा न करने पर कुत्ता जब्त भी किया जाएगा। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि लाइसेंस बनवाने के लिए नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट सउब.नच.दपब.पद पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑफलाइन मोड में भी लाइसेंस बनवाने की सुविधा है। देसी कुत्ते का लाइसेंस शुल्क 200 रुपये प्रति वर्ष और विदेशी नस्ल के कुत्तों का शुल्क 1000 रुपये प्रति वर्ष निर्धारित है। यह लाइसेंस वित्तीय वर्ष के अंत तक वैध रहता है और हर वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। लाइसेंस प्रक्रिया या किसी भी अन्य जानकारी के लिए निगमकर्मी जयंत सिंह से उनके मोबाइल नंबर 9511156792 पर संपर्क कर सकते हैं। पशुकल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि पकड़े जाने के दौरान यदि कोई व्यक्ति कुत्ते का लाइसेंस बनवाना चाहता है तो उसका लाइसेंस मौके पर ही जुर्माना लेकर बना दिया जाएगा।

# कूड़ा कलेक्शन करने वाली 232 गाड़ियां लापता

लखनऊ, (संवाददाता)। कूड़ा कलेक्शन करने वाली 232 गाड़ियां लापता हैं। नगर निगम अब इनकी तलाश कर रहा है। गाड़ियां चीनी कंपनी इकोग्रीन एनर्जी की हैं, जिन्हें कंपनी ने नगर निगम से वापस मांगा है। कूड़ा प्रबंधन में लापरवाही के कारण नगर निगम ने सितंबर 2023 में चीनी कंपनी इकोग्रीन एनर्जी को अनुबंध समाप्त कर हटा दिया था, जिसके बाद अब कंपनी ने गाड़ियां वापस मांगी हैं। कंपनी का पत्र आने के बाद नगर निगम के पर्यावरण अभियंता ने निगम की केंद्रीय कार्यशाला के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात से गाड़ियों की जानकारी मांगी है, लेकिन ज्यादातर गाड़ियों के नंबर ही नहीं हैं। ऐसे में उनको कैसे तलाशा जाए, यह समस्या बन गई है। जिन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है, कंपनी ने उनका चेसिस नंबर दिया है। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान का कहना है

कि गाड़ियों का पता लगाया जा रहा है, क्योंकि कंपनी ने गाड़ियां नगर निगम को नहीं सौंपी थीं। कंपनी खुद उनका संचालन करती थी। कंपनी का कहना है कि कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियां जोनल कार्यालय और कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर खड़ी होती थीं। अब यह कहां किस स्थिति में हैं, उनकी जानकारी केंद्रीय कार्यशाला के मुख्य अभियंता से मांगी गई है। पर्यावरण अभियंता ने गाड़ियों को लेकर पत्र भेजा था। उसके साथ ही गाड़ियों की जो सूची है, उसमें ज्यादातर का तो नंबर ही नहीं है। अब बिना नंबर के गाड़ियों का पता कैसे किया जाए। ऐसे में सभी जोनल अधिकारियों और जोनल सिनेटरी अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया है कि वह गाड़ियों के बारे में जानकारी दें। चेसिस नंबर के आधार पर पता करना आसान नहीं है, क्योंकि चेसिंस नंबर तो ऊपर लिखा नहीं होता है, उसको तो हर गाड़ी पर स्क्रेच कराकर ही पता किया जा सकता है, जो संभव नहीं है। ऐसे में गाड़ियों के नंबर मांगे गए हैं।

# टीबी की दवा वितरण के लिए वाहनों के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

लखनऊ। जिले में टीबी की दवाओं के वितरण के लिए निकाले गए टेंडर में फर्जीवाड़े का आरोप लगा है। आरोप है कि कुछ फर्मों ने अपने पास चार पहिया वाहन न होने के बावजूद ई–रिक्शा और अन्य फर्मों के वाहनों की आरसी एडिट कर टेंडर में शामिल कर दीं। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, राज्य क्षय रोग अधिकारी और सीएमओ तक पहुंची है, जिसके बाद अफसरों ने गोपनीय जांच शुरू कर दी है। जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय की ओर से फरवरी में नादरगंज स्थित स्टेट ड्रग स्टोर (एसडीएस) से शहर के विभिन्न केंद्रों तक टीबी की दवाएं पहुंचाने के लिए जेम पोर्टल पर चार पहिया और बड़े मालवाहक वाहनों का टेंडर जारी किया गया था। टेंडर की शर्तों में फर्म के पास खुद के चार पहिया वाहन, अनुभव प्रमाण पत्र और ईएमडी जमा करना अनिवार्य था। गाजियाबाद स्थित कुमार ट्रैवेल्स के प्रोपराइटर अरुण कुमार ने आरोप लगाया है कि टेंडर में शामिल तीन फर्मों ने फर्जी आरसी लगाकर दस्तावेजों में हेराफेरी की। उदाहरण के तौर पर, एक महिंद्रा हाफ डाला की आरसी लगाई गई, लेकिन आरटीओ रिकार्ड में यह नंबर ई–रिक्शे के रूप में दर्ज है। इसी तरह, एक अन्य फर्म ने जिस मालवाहक वाहन की आरसी लगाई, वह आरटीओ रिकॉर्ड में इर्टिगा कार के रूप में पंजीकृत है। अरुण कुमार ने बताया कि इससे पहले भी यह टेंडर दो बार जारी किया गया था,।

# वाराणसी के सभी डाकघरों में विशेष राखी कवर बेचने की शुरुआत : कर्नल विनोद



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। रक्षाबंधन के त्योहार को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने विशेष राखी कवर उपलब्ध करने की शुरुआत की है ताकि बहनें अपने भाइयों को सुरक्षित रूप से राखी भेज सकें। कर्नल विनोद पी एम जी वाराणसी ने नेदेसर स्थित वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर में राखी काउंटर पर बिक्री की घोषणा की और बताया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखकर विशेष राखी कवर वाटर प्रूफ बनाया गया है और इसमें मजबूत सामग्री का प्रयोग हुआ है जिससे इसको फाड़ा नहीं जा सकेगा। कर्नल विनोद ने बताया कि विशेष राखी लिफाफे वाराणसी परिक्षेत्र के सभी डाकघरों में उपलब्ध कराये गए हैं और कोई भी व्यक्ति किसी भी डाकघर से इन लिफाफों को खरीद सकता है। वाराणसी परिषेत्र में भारतीय डाक विभाग के करीब 1750 ऑफिस हैं जिनमें इन विशेष राखी लिफाफों की बिक्री की वयवस्था की गई है । इसके अलावा अगर किसी संस्था को बड़ी संख्या में विशेष राखी कवर की जरूरत होती है तो वह डाक विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं ताकि उनकी आवश्यकता की पूर्ति की जा सके । खूबसूरत विशेष राखी लिफाफे बढ़िया डिजाइन के साथ बहनों का प्रेम और स्नेह देश के किसी भी हिस्से में पहुंचाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं ताकि बहनों की खुशी और भावनाओं को भाइयों तक समय रहते पहुंचाया जा सके। वाराणसी डाक क्षेत्र के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी राखी के त्योहार पर बहनों की राखियां तथा भाइयों का स्नेह गति गति से पहनने के लिए प्रतिबध हैं। कर्नल विनोद ने बताया कि राखी के अवसर पर आने वाली भारी संख्या में राखी की डाक को सम्भालने के लिए डाक घरों में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान राखी डाक को प्राप्त क्रेन के लिए डाकघरों में विशेष काउंटर लगाए गए हैं साथ ही एक नई शुरुआत करते हुए अलग से बक्सों का उपयोग किया जाएगा ताकि राखी की डाक को बिना किसी परेशानी या विलंब के तुरंत डिलीवरी के लिए भेजा जा सके।

# स्वर्गीय श्री राम जी लाल की स्मृति अंतर सदनीय हाउस तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन



सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल गोयल कैम्पस में गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय श्री राम जी लाल की स्मृति अंतर सदनीय हाउस तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के तरण ताल में किया गया । प्रतियोगिता का शुभारम्भ गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन महेश अग्रवाल ,विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रीना पाठक, उपप्रधानाचार्या अनीता गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। गेम चेंजर्स, वेव राइडर्स, गो गेटर्स और ट्रेल ब्लेजर्स के कक्षा ३ से १२ तक के कुशल तैराक बालक और बालिकाओं ने विभिन्न तैराकी प्रतियोगिताओ में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस अवसर पर छात्रों के माता पिता एवं अन्य अतिथि और शिक्षक भी शामिल हुए और तालियों से उनका उत्साह वर्धन किया अंत में चेयरमैन महेश अग्रवाल प्रधानाचार्या डॉ. रीना पाठक ने उन्हें सर्टिफिकेट और पदक देकर सम्मानित किया।

# आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए 16 हजार सीसीटीवी कैमरे

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। सावन मास के दृष्टिगत पूरे जनपद में तीसरे नजर से विशेष निगरानी की जा रही है।इसके लिए पुलिस बिभाग ने 400 से अधिक कैमरे पूरे जनपद के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए है।कावड़ यात्रा को देखते हुए रुट डायवर्जन किया गया है।इसकी निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में तथा एक कंट्रोल रूम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर भी लगाया गया है जहां से कार्यालय में बैठे अधिकारी भी सीधी निगरानी कर सके।



इस बारे में सोमवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पूरे जनपद शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 16 हजार कैमरे लगाए गए है।इसके अलावा श्रावण मास को देखते हुए 400 कैमरे अलग से लगाये गए है।इसके लिए दो कंट्रोल रूम एक पुलिस लाइन में तथा एक पुलिस कार्यालय में बनाया गया है।जहां से हम लोग मोनिटरिंग कर रहे है।सावन मास के दौरान रुट डायवर्जन वाले स्थानों पर कैमरे से विशेष निगरानी की जा रही है।

# 'पोर्टल पर प्राप्त सर्वाधिक शिकायतों वाले गावों में 15 से 18 जुलाई तक कैम्प लगाकर शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा-जिलाधिकारी'

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई–' जिलाधिकारी अनुनय झा ने अवगत कराया है कि तहसील सदर के ग्राम सकाहा, खजुराहा, हरदोई सदर, गुलरिया, पाटकुआं, रारा, मझिया, वाजिदपुर, गोण्डाराव, खजुरहरा, हरदोई देहात, हरिहरपुर, तहसील बिलग्राम के ग्राम उल्लामऊ, जरौली शेरपुर, बाबटमऊ, बिलग्राम नगर, परचल रसूलपुर, भोगैतापुर, बघराई, तहसील शाहाबाद के ग्राम सराबर, शाहाबाद, तहसील सण्डीला के ग्राम बेनीगंज, कोथावां, गौरी कोथावां, अटवा, बहुती, तहसील सवायजपुर के ग्राम अर्जुनपुर की पोर्टल पर सर्वाधिक शिकायतें पायी गयी है और इन ग्रामों में सम्बन्धित नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में 15 से 18 जुलाई 2025 तक कैम्प लगाकर जनशिकायतों की सुनवाई कर उनका मौके पर निस्तारण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कैम्प में नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष के अलावा क्षेत्रीय राजस्व निरक्षक व एक अन्य राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व एक अन्य लेखपाल, आवश्यक पुलिस बल मय महिला कांस्टेबल तथा चकबंदी प्रक्रिया के अन्तर्गत आने वाले गांवों में सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दी कर्ता एवं चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहेगें और कैम्प के दौरान प्रत्येक दिन टीमें संबंधित थाने से रवाना होंगी। जिसकी जनरल डायरी में इंट्री की जायेगी साथ ही वापसी एवं टीम की प्रतिदिन की कार्यवाही भी जनरल डायरी पर अंकित की जायेगी और एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित की जायेगी। उन्होंने कहा कि कैम्पों में पैमाइश, सार्वजनिक रास्ता, चकरोड आदि पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण, अंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमिधर आदि शिकायतों का निस्तारण टीमों द्वारा कराया जायेगा और समस्त प्रकरणों पर की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट नायब तहसीलदार द्वारा सक्षम अधिकारी को प्रेषित की जायेगी और कैम्पों की समाप्ति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त कार्यो की समीक्षा की जायेगी जिसमें सभी टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# 'श्रावण के प्रथम सोमवार को डीएम व एसपी ने सकाहा मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा'

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' पवित्र मास श्रावण के प्रथम सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन विकास खण्ड बावन के सकाहा शिव मंदिर में मेले और काँवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को देखने पहुँचे। उन्होंने मेले में आये हुए श्रद्धालुओं से बातचीत की। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाये। पेयजल की व्यवस्था निर्बाध रखी जाये। मेले में आने वाले भक्तों श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाये। मेले में भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था सुचारु रखी जाये। मेला स्थल पर मेडिकल टीम की तैनाती रखी जाये। एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाये। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाये। पुलिस टीम लगातार अपने तैनाती स्थल पर मुस्तैद रहें। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर हर महादेव के नारों से गूंजा त्रिलोचन महादेव मंदिर 50हजार लोगों ने टेका मत्था किया जलाभिषेक

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। वाराणसी–लखनऊ हाईवे के नजदीक ऐतिहासिक व धार्मिक रुप से अति महत्वपूर्ण त्रिलोचन महादेव शिव मंदिर है।सावन मास के पहले दिन सोमवार को त्रिलोचन महादेव का दर्शन –पूजन व जलाभिषेक भक्तों ने किया।ऐसी मान्यता है कि ये भगवान शिव स्वयं भू है। दो गांव में इस मंदिर को लेकर लड़ाई हुई थीं गांव वालों ने मंदिर का कपाट बंद कर दिया था अगले दिन शिवलिंग रेहटी गांव की तरफ झुका हुआ था।तब से ये यहां स्थापित है।यही मंदिर परिसर के पास एक प्राचीन तालाब तभी है जिसकी मान्यता है कि जो इस तालाब में तीन महीने तक स्नान कर लेता है उसका कोई भी चर्म रोग हो तो समाप्त हो जाता है।मंदिर परिसर की निगरानी एक बड़े ड्रोन कैमरा से की जा रही हैं।मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल,व पीएसी तथा सरोवर मे जल. पुलिस की ब्यवस्था की गयी है।मंदिर के पुजारी मुरलीधर गिरी ने बताया सावन मास में।सोमवार को भक्तजनों के दर्शन–पूजन व जलाभिषेक के लिए मंदिर का कपाट में भोर मे साढ़े तीन बजे खुल गया है।



सावन मास मे यहाँ एक माह तक चलने वाले मेला मे बाबा भोलेनाथ का दर्शन–पूजन और जलाभिषेक करने वालों की भीड़ होती है।

कांवडियों के विश्राम की ब्यवस्था मंदिर परिसर के पास धर्मशालों व मंदिर से सटा ऐतिहासिक सरोवर के किनारे घाटों पर होती है। सुबह भोर में 3 बजे से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर मे भब्य लाईटिंग की ब्यवस्था की गया।खूबसूरत लाईटिंग से रात मे भब्य रोशनी से चमक उठता है।सभी घंटो को मंदिर को सजाया गया है। मंदिर मे दर्शन–पूजन,जलाभिषेक व के लिए,गैरजनपद व विदेशों से भी लोग पहुँचते है। मंदिर की सुरक्षा ब्यवस्था में लगे अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुश श्रीवास्तव ने बताया कि पूरी तरह से सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी कैम्रे से निगरानी की जा रही है।लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान है।

# विभिन्न मांगों को लेकर लेखपाल ने तहसीलदार सदर को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने तहसील सदर परिसर में एकदिवसीय धरना दिया।धरना का नेतृत्व कर रहे शिव दर्शन वर्मा ने तहसीलदार सदर धर्मेंद्र सिंह को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि जनपद हापुड़ में जिलाधिकारी के दमनात्मक व्यवहार एवं उत्पीड़न आत्मक कार्यवाही के चलते लेखपाल सुभाष मीणा की तनाव से आकर हृदय विदारक मृत्यु हो गई।जिसके चलते लेखपाल संघ के पदाधिकारी व सभी लेखपाल कर्मी आहत हैं।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि इस समय उच्च अधिकारियों के चलते लेखपालों तथा उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है।इसके साथ ही साथ उच्च अधिकारियों के दुर्व्यवहार के चलते लेखपाल तनाव ग्रसित हो रहे हैं। जिसके चलते उनके तथा उनके परिवार का जीवन बिगाड़ रहा है और सरकारी कार्य में आउटपुट अच्छा नहीं हो रहा है।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग किया कि मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए मृतक आश्रितों को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति तत्काल दी जाए साथ ही साथ जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष विनोद पांडे जिला मंत्री नंदलाल वर्मा सदर तहसील शाखा अध्यक्ष पुनीत सिंह मंत्री सौरभ कुमार पांडे सर्वेश मिश्रा देश दीपक पूजा वर्मा नमिता पांडे ज्योति ओझा रामपाल सहित कई लेखपाल कमी शामिल रहे।

# समाज और राष्ट्र को समर्पित था रज्जू भैया का सम्पूर्ण जीवन : प्रो वन्दना सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,14 जुलाई । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि रज्जू भैया अपने सादगीपूर्ण जीवन, त्याग और राष्ट्र के प्रति निष्ठा के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने रज्जू भैया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि प्रो. राजेंद्र सिंह को उनकी सरलता, सहजता और आत्मीयता के कारण सभी लोग श्रज्जू भैयाश के नाम से जानते थे। उन्होंने उनके जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि रज्जू भैया की स्मृति में यह संस्थान वर्ष 2018 में तत्कालीन कुलपति प्रो. राजाराम यादव के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. देवराज सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. नितेश जायसवाल सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम अभियान में युवा मंडल सदस्यों द्वारा पौधरोपण'




'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' मेरा युवा भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार , द्वारा जिले भर में युवा मंडल सदस्यों के माध्यम से पौधरोपण कराया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी , मेरा युवा भारत , प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जुलाई माह में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में मेरा युवा भारत के युवा मंडल सदस्य अपने –अपने क्षेत्र में पौधारोपण के साथ–साथ स्थानीय जनों को आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर पर्यावरण तैयार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । इसी कड़ी में बेहंदर के सरसंड युवा मंडल के सदस्यों द्वारा सरसंड ग्राम में पौधारोपण किया गया । वहीं हरियावां के युवा मंडल बिजगवां के सदस्यों द्वारा सई नदी के किनारे गंगा वाटिका में भी विभिन्न फलदार , छायादार पौधे लगाए गए। बेहंदर में युवा मंडल अध्यक्ष असीम अली एवं हरियावां में युवा मंडल अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता भवानी प्रसाद शर्मा द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में , कटहल, मेहंदी , कनेर ,जामुन महुआ,नीम सागौन एवं अन्य पेड़ लगाए गए । सभी युवा मंडल सदस्यों द्वारा शपथ ली गई कि समय– समय पर पौधों में पानी देकर उनकी देखभाल करते रहेंगे । जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में विभिन्न युवा मंडल सदस्यों द्वारा अपने– अपने क्षेत्र में पौधरोपण कराया जा रहा है , वाटिका भी स्थापित कराई जा रही है।

# सावन के पहले सोमवार पर नागेश्वर नाथ सहित अन्य प्रमुख शिवालयों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अयोध्या। सावन का पहले सोमवार पर सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ में सुबह से ही जलाभिषेक चल रहा है। इस मौके पर सुबह 4रू00 बजे से ही सरयू स्नान कर श्रद्धालुओ ने भगवान राम के पुत्र कुश के द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ में जलाभिषेक किया।वही सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम रहे।मंदिर की गर्भ गृह के क्षमता के अनुसार श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा था।एक मार्ग से मंदिर में प्रवेश तो निकास द्वार से श्रद्धालुओं को दूसरी तरफ निकाला जा रहा था।इस मौके पर सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा,महिला थाना अध्यक्ष

# खनुवावा कछौली विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। पूरा बाजार क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खनुवावा कछौली में रविवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेत्री लक्ष्मी सिंह ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, अशोक, आम सहित कई औषधीय और छायादार पौधे रोपे गए।पौधरोपण के बाद सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। भाजपा नेत्री लक्ष्मी सिंह ने कहा कि "माँ केवल जीवन देने वाली नहीं होती, वह धरती, प्रकृति और वृक्षों के रूप में भी हमारी रक्षा करती है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना, वास्तव में प्रकृति को सम्मान देने का प्रयास है।" उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल ने कहा कि वे पौधों को केवल रोपें नहीं, बल्कि उनके पोषण व सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाएं। इस मौके पर राघवेंद्र तिवारी, प्रधान भूपेंद्र पांडे, सहायक अध्यापक सूबेदार यादव, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, प्रवीण मिश्रा, विनीत पांडे लकी पांडे, सहित बडी संख्या में छात्रों व स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



# मानव जीवन के लिए संजीवनी है पेड़–पौधे : अरविन्द पटेल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर–वृक्ष मानव जीवन के लिए संजीवनी है।सदियों से ऋषि–मुनियों ने मानव जीवन के साथ पशु–पक्षियों के लिए पेड़–पौधों को लगाकर उनकी पूजा–अर्चना शुरू की।उक्त बातें नगर पंचायत कजगाँव में सरदार सेना के जिलाध्यक्ष के द्वारा सरदार सेना के बैनर तले वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करते हुए पौध रोपण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने कही।उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म में पीपल,नीम आदि पेड़ों की पूजा इस लिए की जाती है कि यह पेड़ मानव जीवन के साथ पशु–पक्षियों के जीवन को प्रति दिन आक्सीजन के रूप में संजीवनी प्रदान करते हैं।पीपल के पेड़ से सबसे अधिक मात्रा में मानव जीवन को श्रोत ऑक्सीजन प्राप्त होता है इस लिए प्रत्येक मानव की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि स्वयं जीवन रक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगायें उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर पीपल का पेड़ अवश्य लगाएं और स्वस्थ व निरोग रहे। इस दौरान आम,नीम के दर्जनों पौधे लगाये गये।इस अवसर पर वृजेन्द्र कुमार पटेल,राहूल यादव,अमन पटेल, नीरज पटेल, विकास शर्मा, गोलू पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# बॉश ब्रिज असेसमेंट मे चयनित अभ्यर्थियों को मिलेगा प्लेसमेंट का अवसर

अयोध्या। मॉडर्न बेबी नर्सरी स्कूल समिति स्किल डिपार्टमेंट जाना बाजार,अयोध्या द्वारा आयोजित बॉश ब्रिज असेसमेंट कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के कौशल का मूल्यांकन करना और उन्हें उद्योग–उन्मुख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव,संचालक सत्य देव श्रीवास्तव, ट्रेनर अनुराग पाठक एवं प्रिंसिपल कौशल किशोर सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस क्रम में बॉश कॉरपोरेट ऑफिस, लखनऊ से श्री रोहित गुप्ता ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अभ्यर्थियों का असेसमेंट किया।उनके मार्गदर्शन और अनुभव से प्रतिभागियों को औद्योगिक मानकों की बेहतर समझ प्राप्त हुई।कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को बॉश




द्वारा देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का अवसर मिलेगा।संस्था ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की पहलें निरंतर जारी रहेंगी, जिससे युवाओं को कौशल विकास, मूल्यांकन और रोजगार का लाभ एक साथ मिल सके।

# डीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम मे सुनी फरियादियों की समस्या

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी।इस मौके पर उन्होंने उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जनता दर्शन के दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन, आवास, विद्युत, स्वास्थ्य एवं राजस्व संबंधी शिकायतें सम्मिलित थीं।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

**मो0 – 7007415808, 9415034002**

**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**